>

Title: Need to explore natural gas reserves in Sagar district, Madhya Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : मध्य प्रदेश के सागर जिले के कई स्थानों पर जहां ट्यूबवेल का खनन हुआ है, वहां फरवरी मार्च में जैसे-जैसे पानी कम हो जाता है, उन बोर में से गैस निकलने लगती है। उस गैस से जहां घरों का खाना बनाया जाता है, वहीं राहतगढ़ के एक होटल में भी उसका उपयोग किया जा रहा है। इस संबंध में मैंने पूर्व में भी लोक सभा में मामला उठाया था।

अतः केंद्र सरकार से अनुरोध है कि सागर जिले में निकलने वाली गैस के संबंध में ओ.एन.जी.सी. से सघन जांच कराकर संभावनाओं का पता लगाया जाए, जिससे लोगों की भ्रांतियां दूर हो सकें तथा इससे संबंधित उद्योगों के लगाए जाने से युवाओं को रोजगार के भी अवसर उपलब्ध हो सकें।